# ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष -26 जनवरी - II - 2024 अंक - 20 माउण्ट आबू Rs.-12

# जन जागृति लाने का काम केवल अध्यात्म ही कर सकता है : राज्यपाल

## टैगोर थिएटर में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने किया नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ

**चंडीगढ़-पंजाब।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा टैगोर थिएटर में नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होकर नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में बनवारी लाल पुरोहित ने अध्यात्म की महत्ता पर ज़ोर देते हुए कहा कि समाज में नशे को रोकने के लिए कानून, पुलिस और बॉर्डर पर बीएसएफ सभी अपना काम तत्परता से कर रहे हैं लेकिन जन-जन में जागृति लाने का काम केवल अध्यात्म ही कर सकता है। ब्रह्माकुमारीज़ संस्था जिसकी सेवाएं जन कल्याण के लिए समर्पित हैं, आज इस संस्था के भाई-बहन सभी ऋषि-मुनियों के समान हैं जो समाज में जागृति ला रहे हैं और आगे भी लाते रहेंगे। ये भगवान के दूत जब लोगों को शिक्षा देंगे तो उसका असर होगा ही।



नशा मुक्ति अभियान रथ को शिवध्वज दिखाकर रवाना करते हुए राज्यपाल, महापौर, डॉ. बनारसी लाल शाह तथा अन्य।

राज्यपाल ने कहा कि भगवद्गीता को सभी स्मृतियों, पुराणों और वेदों से ऊपर बताया गया है क्योंकि गीता स्वयं भगवान के श्रीमुख से निकली हुई शिक्षा है और उसे भगवान ने मानव हित के लिए समर्पित किया है। इस संस्था ने धर्म की जड़ को संभाल रखा है। धर्म को सींचने का काम ये संस्था बखूबी कर रही है। जैसे गेहूं में से कंकड़ को साफ किया जाता है वैसे ही ये संस्था समाज के गलत तत्वों को ठीक करने में अग्रणी है। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़ संस्था को उनकी सेवाओं के लिए बधाई दी और समाज उत्थान में सदा अपना साथ देने की बात कही। जयपुर से आईं राजयोगिनी ब्र.कु. सुषमा दीदी ने 'ब्लिसफुल लाइफ थ्रू द आर्ट ऑफ पॉज़िटिव चेंज' विषय पर अपने वक्तव्य में सदा शुभ भावना रखने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि सदा कल्याणकारी सोच ही पुण्य है। नफ़रत किसी इंसान का संकल्प नहीं होना चाहिए। शुभ भावना से धर्म हमेशा रक्षा करता है। चिंतन को बदलना है और उसके लिए राजयोग ध्यान सबसे सरल और सुंदर मार्ग है। इसके अलावा मंच पर संस्थान के नॉर्थ ज़ोन की निदेशक राजयोगिनी ब्र.कु. प्रेम दीदी और राजयोगिनी ब्र.कु. उत्तरा दीदी, संस्थान के मेडिकल विंग के सेक्रेट्री ब्र.कु. बनारसी लाल शाह भी उपस्थित रहे और जनसमूह को सम्बोधित किया। मंच का संचालन ब्र.कु. अनीता दीदी ने किया।

**ब्रह्माकुमारीज़ नॉर्थ ज़ोन के पूर्व निदेशक राजयोगी ब्र.कु. अमीर चंद भाई के तीसरे स्मृति दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

**पंजाब के राज्यपाल पुरोहित एवं चंडीगढ़ के महापौर अनूप गुप्ता ने नशा मुक्त भारत अभियान की सेवाओं के लिए तैयार किए गए रथ का किया उद्घाटन**

**राज्यपाल ने कहा... ये भगवान के दूत जब लोगों को शिक्षा देंगे तो उसका असर होगा ही**

**अभियान का उद्देश्य राज्य को नशा मुक्ति की ओर ले जाना है**

---

### जोर बाग में 'नये कल की परिकल्पना' विषय पर पब्लिक प्रोग्राम

## विपरित परिस्थितियों में स्वस्थिति को संतुलित रखें



**दिल्ली-लोधी रोड।** जोर बाग के सामुदायिक केन्द्र में 'नये कल की परिकल्पना' विषय पर सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय तथा अन्य लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में एस.एन. घोरमडे,पूर्व उपाध्यक्ष, भारतीय नौसेना,नई दिल्ली ने कहा कि ओम का अर्थ है मैं शांत स्वरूप आत्मा हूँ। परिस्थिति कैसी भी हो लेकिन मुझे स्वस्थिति को संतुलित रखना है। बीती हुई बातों पर जब बिंदी लगाते हैं तो आगे का मार्ग स्वतः प्रशस्त होता है। जब वर्तमान अच्छा हो तो भविष्य तो स्वतः ही श्रेष्ठ हो जाता है। ब्र.कु. पीयूष भाई, अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता,नई दिल्ली ने कहा कि हर चीज़ की शुरुआत हमारे मन से होती है। हम यहाँ होते हैं और हमारा मन कहीं और होता है। अगर वर्तमान में रहें तो चेहरे पर स्वतः खुशी आ जाती है। तो सकारात्मकता का शुभारंभ हमें आज, अभी, इसी पल से करना है। यदि मैं अपने नज़रिये का परिवर्तन कर दूं तो अवश्य ही मेरे लिए नया कल आयेगा। ब्र.कु. विद्या दीदी,राष्ट्रीय संयोजिका, न्यायविद प्रभाग,ब्रह्माकुमारीज़, बेलगावी, कर्नाटक ने कहा कि स्वयं का परिवर्तन ही परिस्थिति को बदल सकता है। हमें अपने दृष्टिकोण को बदलना है, स्व परिवर्तन से ही विश्व परिवर्तन संभव है। तो सकारात्मक परिवर्तन कैसे लाएं, यह जाग्रति हममें आध्यात्मिकता से ही आ सकती है। ब्र.कु. गिरिजा दीदी,संचालिका,लोधी रोड सेवाकेंद्र ने कहा कि नए कल की परिकल्पना के लिए हमें वर्तमान को सफल कर भविष्य को बनाना है। भूतकाल की बातों से सीखना मना नहीं लेकिन बढ़ना तो हमें आगे है। तो जब हम वर्तमान को सफल करते हैं तो आने वाला कल अच्छा भी होता और नया भी।

**जब हम वर्तमान को सफल करते हैं तो आने वाला कल अच्छा भी होता है और नया भी : ब्र.कु. गिरिजा दीदी**

---

# यहाँ हर आत्मा को परमात्म अनुभूति और अपने सच्चे स्वरूप की अनुभूति होगी

- **शिव सरोवर मेडिटेशन ट्रेनिंग सेंटर का हुआ भूमिपूजन**
- **राजयोगिनी बहनों का स्वागत एवं सम्मान नगरी सेवाकेन्द्र के बाल कलाकारों ने बस्तरिया लोक नृत्य एवं छत्तीसगढ़ी नृत्य द्वारा किया**
- **स्वागत रैली के साथ बहनों का माला एवं तिलक से अभिनंदन कर पूजन स्थल तक ससम्मान लाया गया**



**धमतरी-छ.ग.।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा वंदना विहार कॉलोनी में शिव सरोवर मेडिटेशन ट्रेनिंग सेंटर का भव्य भूमि पूजन समारोह हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि इस संस्था ने आध्यात्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जोड़ कर रखा है। विजय देवांगन,महापौर नगर पालिका निगम धमतरी ने कहा कि शिव सरोवर से यहां के लोग धर्म और अध्यात्म से जुड़ेंगे। पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा ने कहा कि इस संस्था से जुड़ना लोग अपना सौभाग्य समझते हैं। मोहन लालवानी, दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड छ.ग. ने कहा कि इस भवन के निर्माण से लोगों को आत्मशांति सहज मिलेगी। दीपक लखोटिया,प्रखर समाचार पत्र एवं टीवी के संपादक ने कहा कि इस भवन की नींव पूरे विश्वास पर डली है। रामू रोहरा,प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि यहाँ शिव सरोवर का बनना धमतरी के सौभाग्य की बात है। राजयोगिनी ब्र.कु. हेमलता दीदी,क्षेत्रीय निदेशिका,इंदौर ज़ोन ने कहा कि यहां आने वाली हर एक आत्मा को परमात्म अनुभूति और अपने सच्चे स्वरूप की अनुभूति होगी। ब्र.कु. आशा दीदी,संचालिका भिलाई क्षेत्र ने कहा कि शिव सरोवर अर्थात् गागर में सागर, स्वयं परमात्मा इस सरोवर में समा गया है। ब्र.कु. सविता दीदी,संचालिका रायपुर क्षेत्र ने कहा कि यह स्थान सारे शहर ही नहीं लेकिन पूरे विश्व के लिए लाइट हाउस बनकर परमात्म मिलन का मार्ग प्रशस्त करेगा। ब्र.कु. पुष्पा दीदी,संचालिका राजनांदगांव क्षेत्र ने कहा कि यहां सभी को सौभाग्य,समृद्धि और सुख शांति प्राप्त होगी। ब्र.कु. सरिता दीदी,धमतरी ने सभी अतिथियों सहित आमंत्रित जनों का अभिनंदन करते हुए शिव सरोवर निर्माण के उद्देश्य से अवगत कराया और सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन ब्र.कु.प्राजक्ता दीदी ने किया।